Shibli National College, Azamgarh
शिब्ली नेशनल कालेज, आज़मगढ़
شبلی نیشنل کالج اعظم گڑھ

SHIBLI NATIONAL COLLEGE AZAMGARH
(A Minority Institution)

: shiblipgcollege@gmail.com
: shiblipgcollege2023@gmail.com
: www.shiblicollege.ac.in
: Paharpur, Azamgarh 276001
Uttar Pradesh, India

Ref. 3276

Date : 16-03-2026

महत्वपूर्ण सूचना

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ द्वारा परीक्षा फार्म आनलाइन भरने एवं परीक्षा शुल्क भुगतान के सम्बन्ध में सूचना के क्रम में समस्त छात्र/छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा फार्म (आवश्यक प्रपत्रों के साथ) महाविद्यालय में दिनांक 16.03.2026 से दिनांक 30.03.2026 (अपराह्न 2:00 बजे) तक सभी कार्यदिवसों में निम्नलिखित कार्यालय में जमा किया जायेगा।

क0	कक्षा	समय	कार्यालय का नाम
1.	समस्त छात्राएं	(09:30 बजे से 3:00 बजे तक)	लाइब्रेरी (Girls)
2.	समस्त छात्र	(09:30 बजे से 3:00 बजे तक)	लाइब्रेरी (Boys)
3.	समस्त छात्र/छात्राएं (बैक फार्म व भूतपूर्व)	(09:30 बजे से 3:00 बजे तक)	मुख्य कार्यालय
4.	समस्त छात्र/छात्राएं (अनुसूचित जाति एवं जनजाति)	(09:30 बजे से 3:00 बजे तक)	कार्यालय संख्या–04

छात्र/छात्राएं उक्त कार्यालयों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर परीक्षा फार्म निम्नलिखित आवश्यक प्रपत्रों के साथ जमा कर रिसीविंग अवश्य प्राप्त कर लें।

1. परीक्षा फार्म (कॉलेज कापी एवं विश्वविद्यालय कापी)
2. परीक्षा शुल्क रसीद
3. प्रवेश शुल्क रसीद
4. महाविद्यालय परिचय–पत्र (College ID Card)
5. अपार कार्ड (ABC Card)/ आधार कार्ड

(प्रो0 अफसर अली)
16/3/26
प्राचार्य
PRINCIPAL
SHIBLI NATIONAL COLLEGE
AZAMGARH

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- coe@msdsu.ac.in

पत्रांक– 177 / परीक्षा / 2026 दिनांक– 11 / 03 / 2026

अधिसूचना

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के मुख्य परीक्षा सत्र 2025–26 के राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर बी.ए., बी.एस.सी., बी.एस.सी. कृषि, बी.कॉम के यथा द्वितीय सेमेस्टर (केवल बैक / श्रेणी सुधार / यू0एफ0एम0), तथा चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर (नियमित / बैक / श्रेणी सुधार / यू0एफ0एम0) एवं परास्नातक स्तर के एम.ए., एम.एस.सी., एम.एस.सी. कृषि, एम.कॉम., द्वितीय सेमेस्टर (केवल बैक / श्रेणी सुधार / यू0एफ0एम0) चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाओं के (नियमित / बैक / श्रेणी सुधार / यू0एफ0एम0) मे सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं के परीक्षा फार्म भरने की तिथि मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार निम्नवत् निर्धारित की जाती है–

क्रमांक	विवरण	दिनांक
1	निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि	16.03.2026
2	निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि	28.03.2026
3	महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्मो का शुद्धीकरण एवं सत्यापन	30.03.2026

अर्ह समस्त स्नातक बी.ए., बी.एस.सी., बी.एस.सी. कृषि, बी.कॉम चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर एवं परास्नातक एम.ए., एम.एस.सी., एम.एस.सी. कृषि, एम.कॉम., चतुर्थ सेमेस्टर के के छात्र–छात्राएं जो परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करना चाहते है, वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsu.ac.in अथवा msdsuonline.in पर उक्त निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करना सुनिश्चित करें।

नोट– 1. विश्वविद्यालय परिसर के सम सेमेस्टर के समस्त पाठ्यक्रम के परीक्षा फॉर्म एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातक / स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर (नियमित छात्र) के परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से पूरित किया जाना है, जिसकी तिथि यथा शीघ्र घोषित की जायेगी।

(आनन्द कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव–कुलपति, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव।
3. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को अवगत कराते हुए छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र समयान्तर्गत पूरित कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. मीडिया प्रभारी को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में व्यापक जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
6. नोडल प्रभारी समर्थ पोर्टल को इस आशय से प्रेषित कि समर्थ टीम से समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र परीक्षा फार्म खोलने का कष्ट करें।

(आनन्द कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक